- 42 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया है । इन्हें संविधान के भाग IV ए और अनुच्छेद 51 ए में शामिल किया गया है ।
- राष्ट्रीय आपात की स्थिति में मौलिक अधिकारों का हनन हो जाता है ।
- संविधान में 10 मौलिक कर्तव्यों का वर्णन किया गया है । मूल कर्तव्य (अनु. 51 क) को 42 वें संविधान संशोधन 1976 में जोडा गया ।
- 86 वें संविधान संशोधन द्वारा एक मूल कर्तव्य और जोडा गया जिससे इसकी संख्या अब ग्यारह हो गई

भारतीय भूगोल
(Indian Geography)

भारत का विस्तार–

- भारत की स्थिति उत्तरी गोलार्ध एवं पूर्वी देशांतर में है ।
- भारत की आकृति चतुष्कोणीय है ।
- भारत का अक्षांशीय विस्तार 8°4 से 37°6 उत्तरी गोलार्ध में है ।
- देशांतरीय विस्तार 68°7 से 97°25 पूर्वी देशांतर में है ।
- भारत का विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवां एवं जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा स्थान है।

विश्व में स्थान	देश का नाम	
	क्षेत्रफल के अनुसार	जनसंख्या के अनुसार
प्रथम	रूस	चीन
द्वितीय	कनाडा	भारत
तृतीय	चीन	यू.एस.ए
चतुर्थ	यू. एस. ए.	इंडोनेशिया
पंचम	ब्राजील	ब्राजील
षष्ठ	ऑस्ट्रेलिया	पाकिस्ताान
सप्तम	भारत	नाईजीरिया
अष्टम	अर्जेनटीना	बांग्लादेश

- भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी है, जोकि विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.42% है ।
- भारत में विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5% हिस्सा निवास करता है ।
- उत्तर से दक्षिण विस्तार 3214 किमी है और पूर्व से पश्चिम में विस्तार 2933 किमी है ।
- भारत का सबसे पूर्वी बिंदु अरुणाचल प्रदेश में वलांगु (किबिथू) है।
- सबसे पश्चिमी बिंदु गुजरात में गोरमाता सक्रिय (कच्छ जिला) में है ।
- सबसे उत्तरी बिन्दु इन्द्रा कॉल है, जो कि केन्द्र शासित प्रदेश लेह में स्थित है ।
- सबसे दक्षिणतम बिन्दु इन्दिरा पॉइंट है, इंदिरा पॉइंट को पहले पिग्मेलियन पॉइंट और पार्सन्स पॉइंट के नाम से जाना जाता था। इन्दिरा पॉइंट निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। इसकी भूमध्य रेखा से दूरी 876 किमी है ।
- प्रायद्वीपीय भारत का सबसे दक्षिणी भाग तमिलनाडु में केप कोमोरिन (कन्याकुमारी) में स्थित है।
- भारत की स्थल सीमा की लम्बाई 15200 किमी है
- तटीय भाग की लम्बाई है 7516 किमी (द्वीप समूह मिलाकर)। केवल भारतीय प्रायद्वीप की तटीय सीमा 6100 किमी है ।
- भारतीय मानक समय रेखा 82°30 पूर्वी देशांतर पर है। मानक समय रेखा 5 राज्यों से होकर गुजरती है ।
  - उत्तर प्रदेश (मिर्जापुर)
  - छत्तीसगढ
  - मध्य प्रदेश
  - आंध्र प्रदेश
  - ओडिशा
- भारतीय मानक समय और ग्रीनविच समय के बीच अंतर 5.30 घण्टे का है । भारतीय समय ग्रीनविच समय से आगे चलता है ।
- सर्वाधिक राज्यों की सीमा को छूने वाला भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश कुल 9 राज्यों से सीमा बनाता है ।
  - उत्तराखण्ड
  - हरियाणा
  - दिल्ली
  - हिमाचल प्रदेश
  - राजस्थान
  - मध्य प्रदेश
  - छत्तीसगढ
  - झारखण्ड
  - बिहार
- भारत के कुल 9 राज्य एवं – केन्द्र शासित प्रदेश समुद्री तट से लगे हुए है।
  - गुजरात
  - महाराष्ट्र
  - गोवा
  - कर्नाट
  - केरल
  - तमिलनाडु
  - अरूणाचल प्रदेश
  - उडीसा
  - पश्चिम बंगाल
- केन्द्र शामित प्रदेश
  - लक्षद्वीप
  - आण्डमान निकोबार
  - दमन और दीव
  - पुदुच्चेरी (पांडिचेरी)
- हिमालय को छूने वाले 11 राज्य व 2 केन्द्र शासित प्रदेश है।

राज्य

- हिमाचल प्रदेश
- उत्तराखण्ड
- सिक्किम
- अरुणाचल प्रदेश
- नागालैंड
- मणिपुर
- मिजोरम
- त्रिपुरा
- मेघालय
- असम
- पश्चिम बंगाल

केंद्र शासित प्रदेश

- जम्मू कश्मीर
- लेह

- भारत के 8 राज्यों से होकर कर्क रेखा गुजरती है।
  - गुजरात
  - राजस्थान
  - मध्य प्रदेश
  - छत्तीसगढ
  - झारखण्ड
  - पश्चिम बंगाल
  - त्रिपुरा
  - मिजोरम
- भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य गोवा है ।
- भारत का सबसे कम नगरीकृत राज्य हिमाचल प्रदेश है ।
- भारत का मध्य प्रदेश सबसे अधिक वन वाला राज्य है ।
- भारत का हरियाणा सबसे कम वन वाला राज्य है ।
- भारत का मौसिनराम (मेघालय) में सबसे अधिक वर्षा होती है ।
- भारत के केन्द्र शासित प्रदेश लेह में सबसे कम वर्षा होती है ।
- अरावली पर्वत सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है ।
- हिमालय पर्वत सबसे नवीन पर्वत श्रृंखला है ।

भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं एवं पडोसी देश

- भारत की कुल 15200 किमी सीमा रेखा 92 जिलों और 17 राज्यों से होकर गुजरती है ।
- भारत की तटीय सीमा 7516 किमी है जोकि 9 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को स्पर्श करती है। केवल प्रायद्वीप भारत की तटीय सीमा रेखा 6100 किमी है ।
- भारत के मात्र 5 राज्य ऐसे है जो किसी भी अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा और तट रेखा को स्पर्श नहीं करते है –
  - हरियाणा
  - मध्य प्रदेश
  - झारखण्ड
  - छत्तीसगढ
  - तेलंगाना

- भारतीय राज्यों में गुजरात की तट रेखा सर्वाधिक लंबी है। इसके बाद आंध्र प्रदेश की तट रेखा है ।
- त्रिपुरा तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा राज्य है ।
- भारत के 7 पडोसी देश भारत की थल सीमा को स्पर्श करते है –
  - पाकिस्तान – 3323 किमी
  - चीन – 3488 किमी
  - नेपाल – 1751 किमी
  - बांग्लादेश – 4096.7 किमी
  - भूटान – 699 किमी
  - म्यांमार – 1643 किमी
  - अफगानिस्तान – 106 किमी

- भारत की सबसे लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ लगती है ।
- भारत सबसे छोटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा अफगानिस्तान के साथ साझा करता है जोकि केवल 80 किमी है ।
- भारत के 2 पडोसी देश जो भारत की तटीय सीमा के साथ जुडे हुए है।
  1. श्रीलंका
  2. मालद्वीप
- ऐसे देश जो थल एवं जल दोनों सीमा बनाते है।
  - पाकिस्तान
  - बांग्लादेश
  - म्यांमार
- पाकिस्तान के साथ भारत के 3 राज्य एवं 2 केन्द्र शासित प्रदेश सीमा साझा करते है –

राज्य
1. पंजाब
2. राजस्थान
3. गुजरात

केन्द्र शासित प्रदेश
1. जम्मू कश्मीर
2. लेह

- चीन के साथ भारत के 4 राज्य एवं 2 केन्द्र शासित प्रदेश सीमा साझा करते है –

राज्य

1. हिमाचल प्रदेश
2. उत्तराखण्ड
3. सिक्किम
4. अरुणाचल प्रदेश

केन्द्र शासित प्रदेश

1. जम्मू कश्मीर
2. लेह

- नेपाल के साथ भारत के 5 राज्य सीमा साझा करते हैं –
  1. उत्तराखण्ड
  2. उत्तर प्रदेश
  3. बिहार
  4. सिक्किम
  5. पश्चिम बंगाल

- भूटान के साथ भारत के 4 राज्य सीमा साझा करते हैं
  1. पश्चिम बंगाल
  2. सिक्किम
  3. अरुणाचल प्रदेश
  4. असम

- म्यांमार के साथ भारत के 4 राज्य सीमा साझा करते हैं –
  1. अरुणाचल प्रदेश
  2. नागालैण्ड
  3. मणिपुर
  4. मिजोरम

अफ्गानिस्तान के साथ भारत का एक केन्द्र शासित प्रदेश सीमा बनाता है – (केवल 80 किमी POK)

- लद्दाख

- पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाडी श्रीलंका को भारत से अलग करती है। पाक जलडमरूमध्य को पाक जल संधि के नाम से भी जाना जाता है।
- मेकमोहन रेखा भारत और चीन के बीच में स्थित है । यह रेखा 1914 में शिमला समझौते में निर्धारित की गयी थी ।
- 1886 में सर डूरण्ड द्वारा भारत और अफ्गानिस्तान के बीच में डूरण्ड रेखा स्थापित की गई थी। परन्तु यह रेखा अब अफ्गानिस्तान एवं पाकिस्तान के मध्य है ।
- भारत और पाकिस्तान के बीच रेडक्लिफ रेखा है। रेडक्लिफ रेखा का निर्धारण 15 अगस्त, 1947 को सर सिरिल रैडक्लिफ की अध्यक्षता में सीमा आयोग द्वारा किया गया था ।

सीमावर्ती सागर :–

- सीमावर्ती सागर क्षेत्र आधार रेखा से 12**nm** तक स्थित है ।
- क्षेत्र में भारत का एकाधिकार है ।

1. संलग्न सागर :–

- संलग्न सागर क्षेत्र आधार रेखा से 24nm तक स्थित है ।
- इस क्षेत्र में भारत के पास वित्तीय अधिकार है ।

2. अनन्य आर्थिक क्षेत्र :–

- अनन्य आर्थिक क्षेत्र आधार रेखा से 200**nm** तक स्थित है ।
- इस क्षेत्र में भारत के पास आर्थिक अधिकार है तथा यहाँ भारत संसाधनों का दोहन, द्वीप निर्माण तथा अनुसंधान आदि कर सकता है ।
- उच्च सागर यहाँ सभी देशों का समान अधिकार होता है

भारत के भौगोलिक भ–भाग

भारत के भौगोलिक भू–भाग:-

1. हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र
2. उत्तरी मैदान क्षेत्र
3. प्रायद्वीप पठार क्षेत्र
4. तटीय मैदान क्षेत्र
5. द्वीप समूह क्षेत्र



1. हिमालय पर्वतीय प्रदेश:–

- यह पर्वत तंत्र विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत तंत्र है, इसलिए इस तंत्र में बहुत से अल्पाइन हिमनद भी पाये जाते है ।
- इस पर्वतीय प्रदेश को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:–

A. हिमालय :-

हिमालय पर्वतीय प्रदेश का सबसे उत्तरी भाग ट्रांस हिमालय कहलाता है ।

- यह मुख्य रूप से 'जम्मू–कश्मीर' व 'तिब्बत' में स्थित है ।
- इस भाग में तीन प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ पाई जाती है:–

fo'o dk lkekU; v/;;u

भूकंप

- भूकंपों का अध्ययन क्या कहलाता हैं –सिस्मोलॉजी
- भूकंप की तीव्रता की माप किस पैमाने पर की जाती है –रिक्टर पैमाने पर
- रिम्टर पैमाने का विकास किसने किया था –अमेरिकी वैज्ञानिक चार्ल्स रिक्टर द्वारा 1935 ई. में
- भूकंप में कितने तरह के कम्पन होते हैं –तीन (प्राथमिक तरंग, द्वितीय तरंग और एल तरंग)
- प्राथमिक तरगों का औसत वेग कितना होता है –8 किमी./सेकंड
- यह तरंग किस माध्यम से होकर गुजरती है –पृथ्वी के अंदर प्रत्येक माध्यम से
- द्वितीय तरंगों का औसत वेग कितना होता है –4 किमी./सेकंड
- यह तरंग किस माध्यम से होकर गुजरती है –केवल ठोस माध्यम से
- अनुप्रस्थ तरंगें कौन–सी हैं –द्वितीय तरंगें
- एल तरंगों का औसत वेग कितना होता है –1.5–3 किमी. सेकंड
- एल तंरगों को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है –धरातलीय या लंबी तरंग
- इन तंरगों की खोज किसने की थी – एच. डी. लव ने
- यह तरंग किस माध्यम से होकर गुजरती है–ठोस, तरल तथा गैस तीनों माध्यमों से
- भूकंपीय तरंगों को किस यंत्र द्वारा रेखांकित किया जाता है – सिस्मोग्राफ (Seismograph)
- पृथ्वी के केंद्रीय भाग से कौन सी तरंगें गुजर सकती है – केवल प्राथमिक तरंगें
- गौण तरंगें कहाँ से नहीं गुजर सकती – द्रव पदार्थ में से
- कौन–सी तरंगें केवल धरातल के पास ही चलती है – एल तरंगें
- भूकंप के उद्‌भव–स्थान को क्या कहते हैं – भूकंप का केंद्र
- भूकंप के केंद्र के निकट कौन–सी तंरगें पहुँचती हैं – P.S तथा L तीनों प्रकार की तंरगें
- भूकंप के केंद्र के ठीक ऊपर पृथ्वी की सतह पर स्थित बिंदु को क्या कहते हैं – अधिकेंद्र
- अंतः सागरीय भूकंपों द्वारा उत्पन्न लहरों को जापान में क्या कहा जाता है – सुनामी

पर्वत

- निर्माण के आधार पर स्थलाकृतियाँ मुख्यतः कितने प्रकार की होती हैं – तीन (पर्वत, पठार और मैदान)
- उत्पत्ति के अनुसार पर्वत कितने प्रकार के होते हैं – चार (ब्लॉक पर्वत, अवशिष्ट पर्वत, संचित पर्वत और वलित पर्वत)
- जब चट्‌टानों मे स्थित भ्रंश के कारण मध्य भाग नीचे धँस जाता है तथा अगल–बगल के भाग ऊँचे उठे प्रतीत होते हैं, क्या कहलाते हैं – ब्लॉक पर्वत
- बीच में धँसे भाग को क्या कहते हैं – रिफ्ट घाटी
- इस प्रकार के पर्वत के उदाहरण क्या हैं – वॉस्जेस (फ्रांस), ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी), साल्ट रेंज (पाकिस्तान)
- विश्व की सबसे लंबी रिफ्ट घाटी कौन–सी है – जॉर्डन नदी की घाटी (4,800 किमी.)
- अतीशष्ट पर्वत के उदाहरण क्या हैं – अरावली विंध्याचल एवं सतपुड़ा, पारसनाथ, राजमहल की पहाड़ियाँ (भारत), सीयरा (स्पेन), गैसा एवं बूटे (अमेरिका)
- भूपटल पर मिट्‌टी, धातु, कंकर, पत्थर, लावा के एक स्थान पर जमा होते रहने के कारण बनने वाला पर्वत कौन–सा होता है – संचित पर्वत
- रेगिस्तान में बनने वाले बालू के स्तूप किस पर्वत श्रेणी में आते हैं – संचित पर्वत श्रेणी के

- वलित पर्वत किस प्रकार बनते हैं – पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों से धरातल की चट्टानों के मुड़ जाने से
- वलित पर्वत के उदाहरण क्या हैं – हिमालय, आल्पस, यूराल, रॉकीज, एण्डीज आदि
- वलित पर्वतों के निमाण का आधुनिक सिद्धांत किस संकल्पना पर आधारित है – प्लेट टेक्टॉनिक
- जहाँ आज हिमालय पर्वत खड़ा है, वहाँ किसी समय में क्या था – टेथिस सागर नामक विशाल भू–अभिनति अथवा भू–द्रोणी
- संसार के सबसे ऊँचा पर्वत हिमालय का निर्माण किस प्रकार हुआ – दक्षिण पठार के उत्तर की ओर विस्थापन के कारण टेथिस सागर में बल पड़ गए और वह ऊपर उठ गया
- विश्व का सबसे पुराना अवशिष्ट पर्वत कौन–सा है – भारत का अरावली पर्वत
- इसकी सबसे ऊँची चोटी कौन–सी है – माउंट आबू के निकट गुरूशिखर
- समुद्रतल से इसकी ऊँचाई कितनी है – 1,722 मी.
- स्थलमंडल के कुल क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर पर्वतों के विस्तार हैं – 26%
- पर्वत की गणना किस श्रेणी के स्थलों में की जाती है – द्वितीय श्रेणी
- विश्व की कितने प्रतिशत जनसंख्या पर्वतों पर निवास करती है – 1%
- 'रेडियो सक्रियता' का सिद्धांत किससे संबधित है – पर्वतों की उत्पत्ति से
- 'रेडियो सक्रियता' का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया – जॉली ने
- पर्वत निर्माणक भू–सन्नति सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया – कोबर ने
- विश्व के विशाल वलित पर्वतों की रचना कितने मिलियन वर्ष पूर्व हुई थी – 30
- नवीनतम पर्वतमाला कौन–सी है – हिमालय

नोट – नीचे कुछ पर्वतशिखर एवं उनसे संबंधित देश और ऊँचाइयाँ दी जा रही हैं, उपरोक्त प्रश्नों की भाँति याद करें।

पर्वत–शिखर	देश (ऊँचाई)
माउंट एवरेस्ट	नेपाल (8,850 मी.)
के–2 (गॉडविन आस्टिन)	भारत (8,611 मी.)
कंचनजंगा	नेपाल–भारत (8,598 मी.)
ल्हात्से 1	नेपाल (8,850 मी.)
मकालू 1	नेपाल–चीन (8,481 मी.)
धौलागिरी	नेपाल (8,172 मी.)
नंगा पर्वत	भारत (8,126 मी.)
अन्नपूर्णा	नेपाल (8,078 मी.)
ग्रेशरब्रम	पाकिस्तान (8,068 मी.)
गोसाईथान	चीन (8,018 मी.)
नंदादेवी	भारत (7,817 मी.)
राकापोशी	पाकिस्तान (7,788 मी.)
कामेट	भारत–चीन (7,756 मी.)
नाम्चाबर्वा	चीन (7,756 मी.)
तिरिचमीर	पाकिस्तान (7,728 मी.)
गुर्लमांधाता	चीन (7,728 मी.)

वायुदाब पेटियाँ

- पृथ्वी के धरातल पर कितने वायुदाब कटिबंध (पेटियाँ) हैं – चार (विषुवत् रेखीय निम्न वायुवाब, उपोष्ण उच्च वायुदाब, उपध्रुवीय निम्न वायुदाब, ध्रुवीय उच्च वायुदाब)
- विषुवत् रेखीय निम्न वायुदाब किन अक्षांशों के बीच स्थित है – भूमध्य रेखा से 10° उत्तरी तथा 10° दक्षिणी अक्षांशों के बीच
- शांत कटिबंध या डोलड्रम किसे कहते हैं – विषुवत् रेखीय निम्न वायुदाब
- उपोष्ण उच्च वायुदाब किन अक्षांशों के बीच स्थित है – उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्द्धों में क्रमशः कर्क और मकर रेखाओं से 35° अक्षांशों तक
- विषुवत् रेखा से 30° से 35° अक्षांशों के मध्य दोनों गोलार्द्धों में उच्च वायुदाब की पेटियों को क्या कहते हैं – अश्व अक्षांश
- 45° उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशों से क्रमशः आर्कटिक तथा अंटार्कटिक वृत्तों के बीच निम्न वायु भार की पेटियों को क्या कहते हैं – उपध्रुवीय निम्न दाब पेटियाँ
- 80° उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांश से उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव तक पेटियों को क्या कहते हैं – उच्च दाब पेटियाँ

पवन (Wind)

- वायुमंडल का वह विशाल एवं विस्तृत भाग जिसमें तापमान तथा आर्द्रता के भौतिक लक्षण क्षैतिज दिशा में समरूप हों, क्या कहलाता है – **वायुराशि**
- पृथ्वी के धरातल पर वायुदाब में क्षैतिज विषमताओं के कारण उच्च वायुदाब क्षेत्र से निम्न वायुदाब क्षेत्र की ओर बहने वाली हवा को क्या कहते हैं – **पवन**
- ऊर्ध्वाधर दिशा में गतिशील हवा को क्या कहते हैं – **वायुधारा (Air Current)**
- पृथ्वी के घूर्णन के कारण पवनें अपनी मूल दिशा में विक्षेपित हो जाती हैं, इसे क्या कहते हैं – **कॉरिऑलिस बल**
- सबसे पहले इस बल का वर्णन किसने किया था –**1835 ई. में फ्रांसीसी वैज्ञानिक गास्पार्ड–गुस्ताव दि कारिऑलि**
- इसे किस अन्य नाम से भी जाना जाता है – **फेरल का नियम (Farrel's Law)**
- इस बल का अधिकतम प्रभाव कहाँ होता है – **ध्रुवों पर**
- पवन कितने प्रकार की होती हैं – **तीन (प्रचलित पवन, मौसमी पवन और स्थानीय पवन)**
- पृथ्वी के विस्तृत क्षेत्र पर एक ही दिशा में वर्ष भर चलने वाली पवन को क्या कहते हैं – **प्रचलित पवन**
- इस प्रकार की पवनों के उदाहरण क्या हैं – **पछुआ पवन, व्यापारिक पवन और ध्रुवीय पवन**
- दोनों गोलार्द्धों में उपोष्ण उच्च वायुदाब कटिबंधों से उपध्रुवीय निम्न वायुदाब कटिबंधों की ओर चलने वाली स्थायी हवा को क्या कहते हैं – **पछुआ पवन**
- पछुआ पवन का सर्वप्रश्रेष्ठ विकास किन अक्षांशों के मध्य पाया जाता है – **40° से 65° द. अक्षांशों के मध्य**
- 30° उत्तरी और दक्षिणी अक्षांशों के क्षेत्रों या उपोष्ण उच्च वायुदाब कटिबंधों से भूमध्य रेखीय निम्न वायुदाब कटिबंधों की ओर दोनों गोलार्द्धों में वर्ष भर निरंतर प्रवाहित होने वाली पवन को क्या कहते हैं – **व्यापारिक पवन**
- ध्रुवीय उच्च वायुदाब की पेटियों से उपध्रुवीय निम्न वायुदाव की पेटियों की ओर प्रवाहित पवन को किस नाम से जाना जाता है – **ध्रुवीय पवन**

- मौसम या समय के परिवर्तन के साथ जिन पवनों की दिशा बदल जाती है, उन्हें क्या कहते हैं – **मौसमी पवन**
- मौसमी पवन के उदाहरण क्या हैं – **मानसूनी पवन, स्थल समीर तथा समुद्री समीर**
- आल्पस पर्वत के उत्तरी ढाल से नीचे उतरने वाली गर्म एवं शुष्क हवा कौन–सी है – **फॉन**
- इसका सर्वाधिक प्रभाव कहाँ होता है – **स्विट्जरलैंड**
- सहारा रेगिस्तान से उत्तर–पूर्व दिशा में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा कौन–सी है – **हरमट्टन**
- गिनी तट पर इसे क्या कहा जाता है – **गिनी डॉक्टर**
- सहारा मरुस्थल से भूमध्य सागर की ओर ओर बहने वाली गर्म हवा को क्या कहते हैं – **सिरॉको**
- अरब रेगिस्तान में बहने वाली गर्म एवं शुष्क हवा को क्या कहते हैं – **सिमूम**
- उत्तर अमेरिका के विशाल मैदान में दक्षिणी–पश्चिमी या उत्तरी–पश्चिमी धूल भरी तेज आँधी कौन–सी है – **ब्लैक रोलर**
- ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा को क्या कहते हैं –**ब्रिक फील्डर**
- न्यूजीलैंड में उच्च पर्वतों से उतरने वाली गर्म एवं शुष्क हवा को क्या कहते हैं – **नार्वेस्टर**
- इराक तथा फारस की खाड़ी में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा को क्या कहते हैं – **शामल**
- दक्षिणी कैलिफोर्निया में सांता आना घाटी से चलने वाली गर्म एवं शुष्क धूल भरी आँधी को क्या कहते हैं – **कोयम बैंग**
- जावा इंडोनेशिया में बहने वाली गर्म हवा को क्या कहते हैं – **कोयम बैंग**
- क्षोभमंडल की ऊपरी परत में बहुत तीव्र गति से चलने वाले संकरे, नलिकाकार एवं विसर्पी पवन–प्रवाह को क्या कहते हैं – **जेट–प्रवाह**
- यह किस दिशा में प्रवाहित होता है – **6 से 12 किमी. की ऊँचाई पर पश्चिम से पूर्व की ओर**
- इसकी चाल कितनी होती है – **120 किमी./घंटा**
- पृथ्वी पर तापमान के वितरण का संतुलन बनाने में कौन–सी पवन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है – **जेट–प्रवाह**
- जब गर्म वायु हल्की होने के कारण ठंडी तथा भारी वायु के ऊपर चढ़ जाती है तो उसे क्या कहते है – **उष्ण वाताग्र**
- जब ठंडी तथा भारी वायु उष्ण तथा हल्की वायुराशि के विरूद्ध आगे बढ़ती है और उसे ऊपर की ओर उठा देती हैं, तो इसे क्या कहते हैं – **शीत वाताग्र**

आर्द्रता

- वायुमंडल में उपस्थित जलवाष्प को क्या कहते हैं – **वायुमंडल की आर्द्रता**
- आर्द्रता कितने प्रकार की होती है –**तीन (निरपेक्ष आर्द्रता, विशिष्ट आर्द्रता और सापेक्ष आर्द्रता)**
- वायु के प्रति इकाई आयतन में विद्यमान जलवाष्प की मात्रा को क्या कहते हैं – **निरपेक्ष आद्रता**
- इसे किसमें व्यक्त किया जाता है – **ग्राम प्रति घन मीटर में**
- वायु के प्रति इकाई भार में जलवाष्प के भार को क्या कहते हैं – **विशिष्ट आद्रता**
- इसे किसमें व्यक्त किया जाता है – **ग्राम प्रति किग्रा. में**
- किसी भी तापमान पर वायु में उपस्थित जलवाष्प तथा उसी तापमान पर उसी वायु की जलवाष्प धारण करने की क्षमता के अनुपात को क्या कहते हैं – **सापेक्ष आर्द्रता**
- संतृप्त वायु की सापेक्ष आर्द्रता कितनी होती है – **100%**

अर्थव्यवस्था

- प्राचीन समय में अर्थ शब्द का अभिप्राय धन से लिया जाता था ।
- किसी देश में होने वाली विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए अपनायी गई व्यवस्था, नियम, नीतियाँ उस देश की अर्थव्यवस्था कहलाती है
- अर्थव्यवस्था तीन प्रकार की होती है–

1. समाजवादी अर्थव्यवस्था :–

- यदि अर्थव्यवस्था में उत्पादन के सभी साधनों और सम्पत्तियों पर सार्वजनिक क्षेत्र या सरकार का नियंत्रण हो तो वह समाजवादी अर्थव्यवस्था कहलाती है ।
- सरकार का उद्देश्य लाभ कमाना ना होकर समाज कल्याण होता है ।

2. पूंजीवादी अर्थव्यवस्था :–

- इस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों और सम्पत्तियों पर निजी व्यक्तियों/निजी क्षेत्रों का नियत्रंण होता है ।
- इस अर्थव्यवस्था में व्यवसाय का उद्देश्य लाभ कमाना होता है ।

3. मिश्रित अर्थव्यवस्था :–

- इस अर्थव्यवस्था में समाजवाद व पूंजीवाद दोनों के लक्षाण पाये जाते है अर्थात उत्पादन के साधनों और सम्पत्तियों पर सरकार व निजी क्षेत्र दोनों का अधिकार होता है ।
- सरकार द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाई जाती है ।
- भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित प्रकार की अर्थव्यवस्था है ।

उत्पादन के कारक :– उत्पादन के लिए चार कारक महत्वपूर्ण माने जाते है ।

क्र.सं.	उत्पादन के कारक	लागत
1.	भूमि	किराया
2.	पूंजी	ब्याज
3.	श्रम	मजदूरी
4.	उद्यम	लाभ

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र

- अर्थव्यवस्था के कुल पांच क्षेत्र माने जाते है लेकिन अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले क्षेत्र मात्र तीन ही होते है ।

1. प्राथमिक क्षेत्र :–

- इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की सहायता से आर्थिक कार्य किये जाते है सामान्यतः इस क्षेत्र में द्वितीयक क्षेत्र के लिए कच्चा माल तैयार किया जाता है । जैसे– कृषि, वन, मछली पालन आदि
- इसे कृषि क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है ।

2. द्वितीयक क्षेत्र :–

- निर्माण, विनिर्माण, उत्पादन आदि द्वितीयक क्षेत्र की गतिविधियाँ मानी जाती है ।
- इसे उद्योग क्षेत्र कहा जाता है ।
- खनन, उत्खनन, बिजली उत्पादन आदि भारत में द्वितीयक क्षेत्र में लिये जाते है ।

3. तृतीयक क्षेत्र :–

- इसे सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है ।
- इस क्षेत्र में केवल सेवाएं शामिल की जाती है .। जैसे– डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, सीए आदि ।

4. चतुर्थक क्षेत्र :–

- इस क्षेत्र में बौद्धिक सेवाएं शामिल की जाती है । जैसे– सांस्कृतिक सेवाएं, उच्च शिक्षा, अनुसंधान आदि

5. पंचम क्षेत्र :–

- उच्च स्तरीय राजनैतिक और आर्थिक निर्णय संबंधित सेवाएं इस क्षेत्र में शामिल की जाती है । जैसे– मंत्री, प्रधानमंत्री, कम्पनी के CEO आदि

क्षेत्र	GDP में योगदान	रोजगार में योगदान
कृषि	17%	50%
उद्योग	25%	25%
सेवा	$\frac{58}{100}$ %	$\frac{25}{100}$ %

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

उद्योग क्षेत्र :-

- भारत की राष्ट्रीय आय का लगभग 25% भाग उद्योग क्षेत्र से आता है ।
- भारत की जनसंख्या का लगभग 25% भाग रोजगार के लिए उद्योगों पर निर्भर है ।
- उद्योगों को निम्न श्रेणी में बांटा जाता है-

(1) कुटीर उद्योग
(2) ग्रामीण उद्योग
(3) सूक्ष्म उद्योग
(4) लघू उद्योग
(5) मध्यम उद्योग
(6) वृहत् उद्योग

सूक्ष्म, लघू व मध्यम उद्योगों को MSME के नाम से जाना जाता है ।

1. पहली औद्योगिक नीति :-

- यह नीति 1948 में जारी की गई ।
- यह नीति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जारी की गई ।
- इस नीति में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया ।

(1) A श्रेणी
(2) B श्रेणी
(3) C श्रेणी
(4) D श्रेणी

2. दूसरी औद्योगिक नीति :-

- यह नीति 1956 में जारी की गई ।
- यह नीति पी. सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी ।
- इस नीति द्वारा भी मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया ।

3. तीसरी औद्योगिक नीति :-

- इसे डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा जारी किया गया ।
- सरकार द्वारा केवल तीन उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के लिए रखे गये ।
  (1) परमाणु ऊर्जा (2) परमाणु खनिज (3) रेलवे
- शेष सभी उद्योग निजी क्षेत्र के लिए खोल दिये गये केवल संवेदनशील उद्योगों के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता रखी गयी । उदा.- सिगरेट, बीडी, तम्बाकू, एल्कोहल, विस्फोटक आदि
- MRTP अधिनियम को समाप्त करके भारतीय प्रतिस्पर्धा लागू की गई ।
- भारत में विदेशी निवेश की अनुमति दी गई ।
- भारत में LPG सुधारों को अपनाया गया ।
- विद्यमान सार्वजनिक उद्योगों में निजीकरण के लिए विनिवेश को अपनाया गया ।

विनिवेश

- सरकार द्वारा किसी सार्वजनिक कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचना या अपने समता अंशो को बेचना विनिवेश कहलाता है ।
- सामान्यतः निजीकरण को बढावा देने के लिए विनिवेश किया जाता है ।
- विनिवेश से सरकारी सम्पत्तियों से कमी आती है ।
- विनिवेश के कारण सरकार को गैर पूंजीगत प्राप्ति होती है ।

कृषि क्षेत्र

- ऐतिहासिक रूप से भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है ।
- आजादी के बाद उद्योग और सेवा क्षेत्र में अत्यधिक तेजी से विकास हुआ । जबकि तुलनात्मक रूप से कृषि में उतनी तीव्रता से विकास नहीं हो पाया ।
- वर्तमान में राष्ट्रीय आय का लगभग 16 से 17% कृषि क्षेत्र से आता है जबकि आज भी भारत की आधी से अधिक आबादी रोजगार के लिए कृषि पर आधारित है ।

भारत में कृषि क्षेत्र की समस्याएँ :-

1. कृषि भूमि का आकार लगातार कम हो रहा है :-
2. भू-अभिलेखों में अस्पष्टता पाई जाती है :-
3. सिंचाई की समस्या कृषि भूमि का मात्र 35-36% भाग ही सिंचित है :-
4. प्रमाणित बीज का अभाव :-
5. उर्वरक :-

6. आधुनिक मशीनों का अभाव :-
7. वैज्ञानिक अनुसंधान :-
8. खाद्य प्रसंस्करण :-
9. कृषि विपणन :-
10. कृषि बीमा :-
11. वैज्ञानिक/तकनीकी सलाह का अभाव
12. कृषि वित्त की समस्या

राष्ट्रीय आय

- किसी देश में होने वाली सभी आर्थिक गतिविधियों का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है अर्थात अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों की आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है ।
- भारत में राष्ट्रीय आय की गणना CSO द्वारा की जाती है ।
- राष्ट्रीय आय के लिए आकडों का संकलन NSSO & CSO द्वारा किया जाता है ।
- यह दोनों संस्थाएँ MOSPI के अन्तर्गत कार्य करती है ।
  (1) MOSPI = Ministry of Statistics & Program Implementation (सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय)
  NSSO = National Sample Survey
- NSSO ग्रामीण क्षेत्र, कृषि क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के आकडे एकत्रित करता है ।
- CSO संगठित क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र, शहरी क्षेत्र आदि के आकडे एकत्रित करता है ।
- उपरोक्त के अतिरिक्त कर विभाग के आकडे जैसे- GST के आकडे भी लिये जाते है ।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आय की गणना करने के लिए तीन विधियों का उपयोग किया जाता है-
  (1) आय विधि
  (2) व्यय विधि
  (3) उत्पादन विधि
- भारत में मिश्रित विधि का उपयोग किया जाता है ।
- कृषि और उद्योग क्षेत्र के लिए उत्पादन विधि का उपयोग किया जाता है ।
- सेवा क्षेत्र के लिए आय विधि का प्रयोग किया जाता है ।
- भारत व्यय विधि का उपयोग नहीं करता है ।
- राष्ट्रीय आय की गणना चार मूल्यों पर आधारित होती है ।

(1) कारक लागत

(2) बाजार मूल्य- वह मूल्य जिस पर अंतिम उपभोक्ता द्वारा वस्तुएँ खरीदी जाती है । इसे वर्तमान मूल्य भी कहा जाता है ।

(3) आधार मूल्य-
- राष्ट्रीय आय की तुलना के लिए किसी एक वर्ष को आधार वर्ष माना जाता है ।
- भारत में 2011-12 को आधार वर्ष घोषित किया गया है ।
- किसी वस्तु का आधार वर्ष का मूल्य आधार मूल्य कहलाता है ।

(4) स्थिर मूल्य-
- यदि बाजार मूल्य में से मुद्रास्फीति का प्रभाव हटा दिया जाये तो वह स्थिर मूल्य कहलाता है ।
- राष्ट्रीय आय की गणना के लिए निम्न अवधारणाएँ प्रचलित है- GDP, GNP, NDP, NNP

सकल घरेलू उत्पाद **(GDP)** :- एक वित्त में किसी देश के निवासियों द्वारा देश की आर्थिक सीमा में उत्पादित अंतिम वस्तु और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य GDP कहलाता है ।

वित्त वर्ष :-
- 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक 12 महीने की अवधि वित्त वर्ष कहलाती है ।
- वित्त वर्ष को परिवर्तित करने की संभावना ढूंढने के लिए निम्न कमेटियों का गठन किया गया
  (1) बेल्बी आयोग
  (2) L. K. JHA समिति
  (3) दार्निश वाचा समिति
  (4) शंकर आचार्य समिति (हाल ही में निर्मित)

अंतिम वस्तु एवं सेवा-
- उत्पादन प्रक्रिया से बाहर आने वाली वस्तुएं दो प्रकार की होती है ।

(1) मध्यस्थ वस्तुएं– ऐसी वस्तुएं जो किसी अन्य वस्तु के उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में काम में ली जाती है, मध्यस्थ वस्तुएं कहलाती है। अर्थात यह वस्तुएं अंतिम उपभोक्ता द्वारा उपभोग में नहीं ली जाती जैसे– कार का इंजन

(2) अंतिम वस्तुएं – ऐसी वस्तुएं जिनका उपभोग अंतिम उपभोक्ता द्वारा किया जाता है अर्थात इनमें उत्पादन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी होती है और उत्पादन संभव नहीं होता है । जैसे– कार

- दोहरी गणना से बचने के लिए मध्यस्थ वस्तुओं को छोड दिया जाता है और केवल अंतिम वस्तुओं को लिया जाता है ।
- भारत की GDP गणना अंतर्राष्ट्रीय प्रचलन के अनुरूप बनाने के लिए इसे GVA (सकल मूल्य संवर्द्धन) आधारित बनाया गया ।
  (1) GVA_{fc} = Rent + Interest + Wages + Profit
  (2) GVA_{bp} = GVA_{fc}+ उत्पादन कर – उत्पादन Subsidy
  (3) GDP_{mp} = GVA_{bp}+ उत्पाद कर – उत्पाद Subsidy
- वह मूल्य जिस पर सरकार द्वारा अंतिम उपभोक्ता से कर वसूले जाते है, आधार मूल्य कहलाता है ।

शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) :-

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में से मूल्य ह्रास घटाकर इसकी गणना की जाती है।
- विभिन्न देशों में मूल्य ह्रास गणना अलग–अलग विधियों से की जाती है । इसलिए NDP का आधार प्रत्येक देश में समान नहीं होता ।
- इस कारण NDP का उपयोग घरेलू उद्देश्यों के लिए किया जाता है ।

NDP_{mp} = GDP_{mp} – Dep. (मूल्य ह्रास)

मूल्य ह्रास :– उत्पादन प्रक्रिया के दौरान, उत्पादन में प्रयोग में ली गई सम्पतियों व मशीनों में घिसावट होती है, इस कारण इनके मूल्य में आयी कमी मूल्य ह्रास कहलाती है ।

सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) :- एक वित्त वर्ष के दौरान देश के सभी नागरिकों द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं व सेवाओं का मौद्रिक मूल्य GNP कहलाता है ।

(1) GNP_{mp} = GDP_{mp} + Net factor Income from abroad (NFIFA)
(2) NFIFA = Income of Indian Citizen outside India – Income earned by foreigner in India

शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) :-

- इसकी गणना के लिए GNP में से मूल्य ह्रास को घटाया जाता है ।
- भारत में कारक लागत पर NNP को राष्ट्रीय आय माना जाता है ।
- बाजार मूल्य/वर्तमान मूल्य पर राष्ट्रीय आय को शुद्ध राष्ट्रीय आय (NNI) कहा जाता है ।
- NNP_{mp} = GNP_{mp} – Dep.(मूल्य ह्रास)
- NNP_{fc} = NNP_{mp} – अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी
- प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$ $\frac{NNP_{fc}}{\text{जनसंख्या}}$
- GDP_{cp} = GDP_{mp} – मुद्रास्फीति (CP = -स्थिर मूल्य)
- GDP_{cp} को वास्तविक GDP भी कहा जाता है ।
- बाजार मूल्य पर GDP को Nominal GDP भी कहा जाता है ।
- GDP Deflator = $\frac{\text{Nomial GDP}}{\text{Real GDP}} / \frac{\text{GDPmp}}{\text{GDPcp}}$

मुद्रास्फीति (Inflation)

- किसी देश/अर्थव्यवस्था में वस्तु और सेवाओं की कीमतें लगातार बढना मुद्रास्फीति कहलाता है ।
- मुद्रास्फीति के कारण, मुद्रा की क्रय शक्ति कम हो जाती है अर्थात महंगाई का बढना या रूपये के मूल्य में गिरावट मुद्रास्फीति कहलाता है ।

मुद्रा अवस्फीति (Deflation):–

- यदि अर्थव्यवस्था या देश में वस्तु या सेवाओं की कीमतें लगातार कम हो रही हो तो वह मुद्रा अवस्फीति कहलाती है ।

- मुद्रा अवस्फीति में मुद्रा की क्रय शक्ति बढ जाती है अर्थात वस्तुएं सस्ती होना या रूपये का मूल्य बढना मुद्रा अवस्फीति कहलाता है ।

Growth Flation :–

- किसी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए मुद्रास्फीति को आवश्यक महत्वपूर्ण माना जाता है।
- महंगाई की अत्यधिक दर दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डालती है ।
- नियंत्रित मात्रा में मुद्रास्फीति की दर हासिल करना प्रत्येक देश का लक्ष्य होता है इसलिए इसे Targetting Inflation भी कहा जाता है ।
- विकसित देशों के लिए 1 - 2% तथा विकासशील देशों के लिए 4 - 5% मुद्रास्फीति अच्छी मानी जाती है ।

Dis-Inflation :– यदि समय के साथ वस्तु और सेवाओं की कीमतें बढ रही है । लेकिन मुद्रास्फीति की दर/गति कम हो रही हो तो यह Dis-inflation की परिस्थिति कहलाती है । अर्थात ऐसी परिस्थिति जिसमें मुद्रास्फीति घटती हुई दर से बढती है ।

Creeping Inflation :– यदि मुद्रास्फीति बढने की दर बहुत कम हो या बहुत धीमी हो तो वह Creeping Inflation कहलाती है । इस परिस्थिति में सामान्यतः मुद्रास्फीति की दर 1 अंक तक ही रहती है ।

Stag Flation :–

- यदि किसी देश में मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दोनों समस्याएँ विद्यमान हो तो यह Stag Flation कहलाती है ।

फिलीप का सिद्धान्त :– फिलीप के अनुसार मुद्रास्फीति और बेरोजगारी में अल्पकाल में नकारात्मक या विपरीत संबंध होता है अर्थात यदि मुद्रास्फीति कम होती है तो बेरोजगारी बढ जाती है और मुद्रास्फीति बढने से बेरोजगारी कम हो जाती है ।

लागत जनित मुद्रास्फीति (Cost Push Inflation) :– यदि उत्पादन के कारकों की लागत बढने के कारण वस्तु और सेवाओं की कीमतें बढ जायेगी तो यह लागत जनित मुद्रास्फीति कहलाती है । जैसे– कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि, मजदूरी दर में वृद्धि आदि

मांग जनित मुद्रास्फीति (Demand Pull Inflation) :– यदि वस्तुओं की मांग अत्यधिक बढ जाने के कारण वस्तु एवं सेवाओं की कीमतें बढ जाये तो यह मांग जनित मुद्रास्फीति कहलाती है ।

संरचनात्मक मुद्रास्फीति :–

- यदि वस्तुओं की मांग और लागत में कोई परिवर्तन ना हो लेकिन वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने के कारण वस्तुओं की कीमतें बढ जायें तो वह संरचनात्मक मुद्रास्फीति कहलाती है ।
- आपूर्ति बाधित होने का कारण उत्पादक या विक्रेता/आपूर्तिकर्ता संस्थान में संरचनात्मक कमजोरी को माना जाता है ।
- जैसे– 1. समय पर कच्चा माल उपलब्ध न होना ।
  2. उत्पादन प्रक्रिया में विलम्ब ।
  3. यातायात साधनों की अनुचित व्यवस्था आदि
- इसे Bottle Neck मुद्रास्फीति भी कहा जाता है ।

मुख्य मुद्रास्फीति (Core-Inflation) :–

- यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण महंगाई मानी जाती है यदि महंगाई की गणना करते समय खाद्य पदार्थों और बिजली/ऊर्जा की कीमतों में होने वाले परिवर्तन को सम्मिलित नहीं किया जाये तो इस प्रकार ज्ञात मुद्रास्फीति Core Inflation कहलाती है ।

तिरछी मुद्रास्फीति (Skew-flation) :–

- मुद्रास्फीति की दशा में सामान्यतः सभी वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन आता है । यदि अन्य वस्तुओं की कीमतों में सामान्य परिवर्तन हो लेकिन किसी विशेष वस्तु या वस्तुओं के छोटे समूह में अत्यधिक परिवर्तन आये तो वह Skew flation कहलाता है ।

- सामान्यतः मुद्रास्फीति की गणना के लिए पिछले वर्ष की कीमतों का प्रयोग किया जाता है । गणितीय प्रभाव के कारण मुद्रास्फीति की दर घटती हुई नजर आती है । यदि मुद्रास्फीति दर की गणना आधार वर्ष के मूल्यों का उपयोग करके की जाये तो वास्तव में

मुद्रास्फीति अत्यधिक बढ चुकी होती है । अतः इसे आधार वर्ष प्रभाव कहा जाता है ।

- भारत में 2011–12 को आधार वर्ष माना जाता है ।

<u>मुद्रास्फीति का मापन</u> :– मुद्रास्फीति के मापन के लिए दो मूल्यों का प्रयोग किया जाता है ।

(1) <u>थोक मूल्य :–</u> जिस मूल्य पर व्यापारियों या विक्रेता द्वारा थोक बाजारों में बडी मात्रा में वस्तुएं खरीदी जाती है, थोक मूल्य कहलाता है ।

(2) <u>उपभोक्ता मूल्य :–</u> वह मूल्य जिस पर अंतिम उपभोक्ता द्वारा छोटी मात्राओं में खुदरा बाजार में वस्तुएं खरीदी जाती है, उपभोक्ता मूल्य कहलाता है ।

<u>थोक मूल्य सूचकांक (WPI)</u> :–

- यह सूचकांक थोक मूल्यों पर आधारित है ।
- 2014 तक भारत में इसे मुद्रास्फीति के मापन में प्रयोग में लाया जाता है ।
- यह सूचकांक उद्योग व वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है ।
- WPI केवल वस्तुओं पर आधारित होता है ।
- निम्न प्रकार के WPI घोषित किये जाते है ।

(1) <u>प्राथमिक वस्तुओं का WPI</u> :– इसमें खाद्य पदार्थो को शामिल किया जाता है । इसमें 117 वस्तुएँ शामिल है ।

(2) <u>ईंधन का WPI</u> :– इसमें 16 वस्तुएँ शामिल की जाती है ।

(3) <u>विनिर्मित वस्तुओं का WPI</u> :– इसमें 564 विनिर्मित वस्तुएँ शामिल की जाती है ।

(4) <u>मुख्य WPI</u> :– उपरोक्त सभी को सम्मिलित करते हुए मुख्य WPI ज्ञात किया जाता है ।

- इसमें 697 वस्तुएं शामिल की जाती है ।
- WPI की घोषणा प्रत्येक महीने की 14 तारीख को की जाती है ।
- WPI का वर्तमान आधार वर्ष 2011–12 है ।

<u>उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)</u> :–

- यह उपभोक्ता मूल्यों पर आधारित सूचकांक है ।
- 2014 ई. में इसे भारत का मुख्य सूचकांक घोषित किया गया ।
- वर्तमान में RBI द्वारा मौद्रिक नीति निर्धारण के लिए CPI का उपयोग किया जाता है ।
- CPI में वस्तुओं के साथ सेवाओं में होने वाले परिवर्तन को भी शामिल किया जाता है ।
- इसकी घोषणा MOSPI, CSO (Central Statistics Office) द्वारा की जाती है ।
- इसकी गणना हेतु वस्तु एवं सेवाओं के समूह को आधार बनाया जाता है ।
- इसे वस्तु और सेवाओं की Basket कहा जाता है ।
- ग्रामीण क्षेत्र की Basket में 448 व शहरी क्षेत्र की Basket में 960 वस्तु और सेवाएँ शामिल की जाती है ।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लिए अलग–अलग CPI ज्ञात किया जाता है ।
- इनके आधार पर एक सामूहिक CPI घोषित किया जाता है ।
- CPI की घोषणा प्रत्येक महीने की 11 तारीख को की जाती है ।
- CPI में खाद्य पदार्थो की 60% भागांश दिया जाता है
- श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा श्रम आधारित CPI की घोषणा की जाती है । जैसे– औद्योगिक श्रम का CPI
- CPI के आधार पर सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता व मनरेगा मजदूरी आदि ज्ञात की जाती है ।
- विश्व के लगभग 157 देशों में इसे अपनाया जाता है
- इसका आधार वर्ष 2012 ई. है ।

<u>Participatory Note (P. Note)</u> :–

- विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में खरीदे गये शेयरों के आधार पर भारत से बाहर जारी की गई प्रतिभूतियाँ P. Note कहलाती है ।
- P. Note पर सरकार और SEBI का नियंत्रण बहुत कम होता है ।
- Hedge शब्द से अभिप्राय संभावित जोखिम से सुरक्षा से है । Hedge Fund निवेशकों से धनराशि एकत्रित करके उन्हें जोखिम भरे क्षेत्रों में निवेश करता है ।
- संभावित जोखिम से बचने के लिए Hedge Fund विभिन्न प्रकार के तकनीकों का प्रयोग करता है । उदा.– Short Selling, Arbitrage etc